सार-समाचार

राजकीय विद्यालय विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

रतनगढ़ , (निसं) । रतनगढ़ की समाज सेवी संस्था देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा में 50 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। विद्यालय में हुए स्वेटर वितरण कार्यक्रम में देवकिशन स्मृति सेवा समिति, रतनगढ़ के वरिष्ठ संरक्षक सीताराम शर्मा, उपाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, उपाध्यक्ष नरोत्तम मल सोनी, सदस्य अरुण शर्मा सीए के द्वारा विद्या की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर स्वेटर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की छात्रा दिव्या द्वारा अतिथियों का तिलकार्चन किया गया ।प्रधानाध्यापक राजेश कुमार द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ संरक्षक सीताराम शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वृक्षारोपण, प्लास्टिक के प्रयोग से बचना और भोजन झुठा न छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। उपाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उपाध्यक्ष नरोत्तम मल सोनी ने अपने उद्बोधन में नर सेवा नारायण सेवा मानकर कार्य करने की प्रेरणा दी।इस अवसर विद्यालय के शिक्षक गिरवर सिंह, सविता मीणा, रेखा शर्मा, निर्मला, कविता सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश कुमार ने किया।

जय निवास कोठी के मख्य द्वार को किया सील

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी के ऐतिहासिक जय निवास कोठी पर ताला तोड़ कर कब्जा करने का मामला सामने आया हैं सूचना पर खेतड़ी तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर जय निवास कोठी के मुख्य द्वार पर सील लगाकर थाने में नामजद दो जनों के खिलाफ जय निवास कोठी का ताला तोड़ कर कब्जा करने का मामला दर्ज करवाया। सीआई भंवरलाल कुमावत ने बताया कि तहसीलदार सुनिल कुमार ने रिपोर्ट दी कि मंगलवार देर रात को सूचना मिली की जय निवास कोठी का ताला तोड़ कर कुछ लोग कब्जा कर रहे है। सूचना पर जब मौके पर जाकर देखा तो जय निवास कोठी का ताला खुला हुआ था, दो-तीन लोग साफ सफाई कर रहे थे। इस दौरान उन लोगों से ताला तोड़ने को लेकर पुछताछ की गई। इस दौरान उक्त लोगों को वहा से बाहर निकाल कर जय निवास कोठी के मुख्य गेट को सीज कर थाने में बाढा की ढाणी निवासी राकेश सिंह पुत्र श्रवणसिंह शेखावत व शीशुवाला तन काली पहाड़ी निवासी रामसिंह पुत्र अमरसिंह राजपूत के खिलाफ जय निवास कोठी का ताला तोड़ कर उक्त लोगों ने जयनिवास कोठी के अंदर रखे सामान बाहर निकालने का मामला दर्ज करवाया। खेतड़ी ठिकाने की संपत्ति को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चल रहा है। ट्रस्ट की ओर से अपनी संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है, जबकि राज्य सरकार की ओर से भी कब्जे में संपत्ति को ले रखा है। जयपुर कलेक्टर द्वितीय की ओर से खेतड़ी तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त कर रखा है। तहसीलदार सुनिल कुमार ने बताया कि जय निवास कोठी जयपुर जिला कलेक्टर के अधिन है, जयपुर जिला कलेक्टर ने खेतड़ी तहसीलदार की देखरेख में है। थानाधिकारी ने बताया कि तहसीलदार की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। संपत्ति विवादित होने को लेकर ताला तोड़ने के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

छावली में तब्दील, हथियारबंद जवान तैनात रहे

झुंझुनूं, (निसं) । झुंझुनूं कोर्ट में गुरूवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हाडकोर अपराधी की पेशी हुई। इसके चलते कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की टीम को तैनात किया गया और हथियार बंद जवान भी तैनात रहे। हाडकोर अपराधी दानाराम को बीकानेर जेल से झुंझुनूं लाया गया था। दानाराम के खिलाफ वर्ष 2021 में झुंझुनूं कोतवाली थाने में अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में गुरूवार को दानाराम की झुंझुनूं सीजेएम कोर्ट में पेशी हुई थी। दानाराम को बुलेट प्रूफ बड़े ट्रक में सुरक्षा गार्ड के घेरे में पेशी पर लाया-ले जाया गया। इसको लेकर कोर्ट रोड़ व परिसर के अंदर पुलिस के हथियारबंद जवान तैनात रहे। दानाराम के खिलाफ संगीन धाराओं में कई अपराधिक मामलें दर्ज है। फिलहाल वह बीकानेर जेल में बंद है। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में झुंझुनूं कोतवाली थाना पुलिस, सदर थाना, क्यूआरटी टीम समेत बीकानेर की पुलिस मौजूद रही।

मानद रिसोर्स पर्सन गुप्ता का स्वागत

सीकर । भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के नव नियुक्त मानद रिसोर्स पर्सन केके गुप्ता का गुरुवार को स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सिखवाल ने गुप्ता को दुपट्टा व माला पहनाकर अभिनंदन किया। केके गुप्ता को भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर ने उल्लेखनीय समाज सेवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' एवं 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए राजस्थान राज्य में स्वयंसेवकों के निशुल्क मार्ग दर्शन एवं कार्यक्रमों में सहयोग के लिए मानद रिसोर्स पर्सन के रूप में नामित किया है। वे डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष है और राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन के पूर्व ब्रांड एम्बेसेडर स्वच्छ भारत मिशन रह चुके हैं। वे कई बार उल्लेखनीय समाज सेवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी हो चुके हैं।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

पाटन । अटल भूजल योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जल विज्ञान एवं जल प्रबंधन संस्थान बीकानेर और भूजल विभाग सीकर के सहयोग से पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक विकास अधिकारी एवम् पंचायत समिति प्रधान के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षमता वर्धन पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही योजना से अवगत कराने में मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र राणा उपनिदेशक बीकानेर, मघा राम सहायक निदेशक, दिनेश कुमार वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक एवम् नोडल अधिकारी भूजल विभाग सीकर, रामगोपाल कृषि अधिकारी नीमकाथाना, श्रीमती पूनम सिरावता रामेश्वर प्रसाद तकनीकी सहायक भूजल विभाग सीकर, मुकेश बाल्मिकी आई ई सी विशेषज्ञ,प्रदीप कुमार कृषि विशेषज्ञ ने अहम भूमिका निभाई।इस दौरान कनिष्ठ सहायक महावीर प्रसाद भूजल विभाग सीकर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम कि व्यवस्था बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

राज्य मंत्री नागर शुक्रवार को सीकर आएंगे

सीकर ,। ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर 22 नवम्बर 2024 (शुक्रवार) को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्यमंत्री नागर जयपुर से प्रातः 10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा 12 बजे विद्युत विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री नागर सायं 4 बजे सीकर से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर हुई संगोष्ठी

पाटन , (निसं)। सेठ नन्द किशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना में गुरुवार को नीमकाथाना पत्रकार समिति (रजि.) व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर ''टेलीविजन चैनलों को सामाजिक जिम्मेदारी कैसे निभानी चाहिए थीम पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार वर्मा और मुख्य अतिथि संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार हरिकिशन राव, शंकर सिंह शेखावत व जुगल किशोर ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में स्वतंत्र पत्रकार इन्द्राज योगी द्वारा टेलीविजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जॉन लोगी बेयर्ड ( ) ने 1928 में टेलीविजन का आविष्कार किया। उन्होंने भारत में टेलीविजन का विकास, रंगीन दूरदर्शन की शुरूआत,

टेलीविजन चैनलों को सामाजिक जिम्मेदारी कैसे निभानी चाहिए थीम पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

दूरदर्शन और कृषि से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। समिति उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने टेलीविजन पत्रकारिता से जुड़े अनुभवों को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साझा किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि टेलीविजन पत्रकारिता के आधुनिक रूपों में से एक है। यह दर्शकों को श्रव्य दृश्य जैसी दोनों ही व्यवस्थायें उपलब्ध करवाता है। उन्होंने बताया कि टेलीविजन पत्रकारिता में समाचारों का चयन महत्वपूर्ण विधा होती है। कभी-कभी जल्दबाजी में समाचार एंकर झूठी खबरो का भी संचालन टेलीविजन पर कर देते हैं, जिससे वे उपहास का कारण बन जाते हैं। इसी क्रम में समिति के संरक्षक हरिकिशन राव ने मीडिया के व्यापक प्रसार, जनजागरूकता और सांस्कृतिक पहुँच की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के साथ-साथ टेलीविजन पत्रकारिता के स्वरूप में भी बदलाव आया है। नागरिक पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी पत्रकारिता का कर्तव्य निभाता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वरिष्ठ पत्रकार शंकर सिंह शेखावत ने टेलीविजन पत्रकारिता से जुड़ी चुनौतियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम में टेलीविजन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान करिश्मा, द्वितीय स्थान सानिया व तृतीय

■ नीमकाथाना पत्रकार समिति द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम''

कमलेश रही जिनको समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार वर्मा ने वर्तमान समय में मीडिया की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अवधेश शर्मा अनिल, कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, संकाय सदस्य डॉ देवीप्रसाद वर्मा, समिति सचिव मनीष टांक, वेलनेस कोच सांवलराम यादव, अशोक स्वामी, संतोष शर्मा, सुरेश चंद यादव, रघुराज सिंह शेखावत एवं अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर सेमिनार आयोजित

उदयपुरवाटी,। निसं। निकटवर्ती कोट गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में देश के महान भौतिक शास्त्री वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की पुण्यतिथि पर सेमिनार का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार के मुख्य वक्ता लक्ष्मण सिंह सैनी थे। डॉ. सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि डॉ सीवी रमन देश के महान भौतिक शास्त्री वैज्ञानिक थे, उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की, जिसके लिए उन्हें भौतिक विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। डॉ. सीवी रमन भौतिक विज्ञान का नोबेल जीतने वाले पहले भारतीय होने के साथ पहले एशियाई भी थे। विज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए सीवी रमन को 1954 में भारत रत्न से नवाजा गया था। मुख्य वक्ता लक्ष्मण सिंह सैनी ने कहा कि डॉ. सीवी रमन ने रमन प्रभाव एवं प्रकाश के प्रकीर्णन की अद्वितीय खोज के जरिये विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में भारत देश का मान-सम्मान व गौरव बढ़ाया। रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा ने सेमिनार के आयोजन पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान बलराम गुर्जर, विक्रम सिंह बजावा, प्रताप सिंह खेदड़, राजेन्द्र प्रसाद सैनी, रामावतार सैनी, अमरसिंह मीणा, अमित भारद्वाज सहित समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

चुनाव परिणाम को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

झुंझुनूं, (निसं) । झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव का परिणाम 23 नवम्बर को घोषित होगा। सेठ मोतीलाल कॉलेज में शनिवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के संबंध में सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।

ईटीपीबी की गिनती के लिए 16 टेबल -23 नवम्बर को सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से डाले गए मतों की गणना शुरू होगी। सेवा नियोजित मतदाताओं द्वारा तथा होम वोटिंग के जरिए डाले गए मतों की गिनती के लिए क्रमशः 16 और 10

■ मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

■ झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव के नतीजे 23 नवम्बर को आएंगे

टेबल स्थापित की गई हैं। झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम (इटीपीबीएमएस) के जरिए कुल 3310 मतपत्र जारी किए गए हैं। इनमें से 23 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से पहले संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) को प्राप्त होने वाले समस्त ईटीपीबी मतपत्रों को मतगणना में शामिल किया जाएगा। ईवीएम मशीनों से मतों की गणना सुबह 8.30 बजे से शुरू होगी -ईवीएम मशीनों से मतों की गणना सुबह 8.30 बजे से शुरू की जाएगी। इसके लिए 12 टेबल स्थापित की गई हैं। ईवीएम मतों की गिनती 22 राउंड में पूरी होगी।

मतगणना कक्षों में बिना अनुमति प्रवेश नहीं : मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। मतगणना स्थलों पर किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन का उपयोग वर्जित रहेगा । सुरक्षा और क़ानून-व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए राज्य पुलिस से साथ ही, केन्द्रीय पुलिस सुरक्षा बलों, आरएसी और पुलिस होमगार्ड कार्मिकों को भी तैनात किया गया है। मतगणना के विधानसभा क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित किया गया है।

मतगणना प्रक्रिया की 360 डिग्री वीडियोग्राफी होगी: मतगणना से पहले ईवीएम मशीनों के सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले जाने की कार्यवाही की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाएगी। इस अवधि की सीसीटीवी कवरेज उम्मीदवार अथवा उनके एजेंट मतगणना हॉल में टीवी/ मॉनिटर पर देख सकेंगे।

20 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की

पाटन, (निसं)। रा. उ. मा. विद्यालय न्यौराना में कक्षा नौ की 20 छात्राओं को सरकार की निःशुल्क साईकिल योजनान्तर्गत साईकिल वितरित की गई, जिससे छात्राओं को विद्यालय आवागमन में सुविधा होगी तथा समय की बचत भी होगी। छात्राएं साईकिल पाकर खुशी से झूम उठी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनवारी लाल उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को साईकिल का रख रखाव रखने एवम समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

नाम परिवर्तन

मेरी सर्विस बुक में मेरी पत्नी का नाम MANJU DAVI है, जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड व पासबुक में मेरी पत्नी का नाम MANJU DEVI है। उपरोक्त दोनों नाम मेरी पत्नी के ही है। अब मैं मेरी सर्विस बुक में मेरी पत्नी का नाम MANJU DAVI के स्थान पर MANJU DEVI करवाना चाहता हूं। भविष्य में नाम को लेकर किसी प्रकार का विवाद होता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथग्रहिता

राजवीर मीणा पुत्र श्री भानीराम मीणा, निवासी ग्राम हड़ियाल तहसील तारानगर जिला चूरू (राज.)

वर्तमान पताः- RAJVEER MEENA UI NO.13131347, INSP (GD) 52 BN SSB ARARIA (BIHAR)

एडवोकेट कृष्ण मेघवाल हुए सम्मानित

तारानगर, (निसं)। जिलाध्यक्ष गिरधारी कांटीवाली की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपाराम धनदे के मुख्यातिथ्य में रतनगढ़ के दीन दयाल उपाध्याय टाउन हाल में राष्ट्रीय मेघवाल समाज संघ की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भजनलाल रोलण, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, बिदासर प्रधान संतोष मेघवाल, रतनगढ़ संतोष तालणीया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, संगठन महामंत्री एडवोकेट कृष्ण मेघवाल आदि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि धनदे ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में मेघवाल समाज को एकजुट रहने की बहुत आवश्यकता है समाज के प्रबुद्धजनों को घर घर जाकर समाज में शिक्षा की अलख जगानी चाहिए तभी समाज आगे बढ़ सकता है। राधा हिंदुस्तानी ने भवाई नृत्य की प्रस्तुति दी। कवि हरिराम मेघवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर ओमप्रकाश खेजड़ा, उपाध्यक्ष शंकर लाल मेघवाल, आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल, देवीलाल मेघवाल, संजय मेघवाल, किशोर, रमेश, विराट, जालु बौद्ध, आदुराम, मांगीलाल मेघवाल, शिवपाल, विक्रम, रामकरण मेघवाल, दीनदयाल, उम्मेद, अमित, परमेश्वर आदि मंचासीन रहे।

शहरों में अवैध निर्माण को लेकर साप्ताहिक रिपोर्ट लें : सिंघवी

चूरू, (कासं.)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जन सुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान आयोजित जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण की शिकायतों पर चर्चा करते हुए संभागीय आयुक्त ने नगर निकाय अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में काम कर रहे अपने अधिकारियों, कार्मिकों से अवैध निर्माण आदि के संबंध में साप्ताहिक रिपोर्ट लें और किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। बिजली कनेक्शन और डिस्कॉम से जुड़ी विभिन्न शिकायतों पर संभागीय आयुक्त ने एसई से कहा कि वे लापरवाही पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करें और काम में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में आने वाले पत्रों के लिए एक कंट्रोल

जिला स्तरीय जन सुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

रजिस्टर बनाएं तथा कार्यालयों में काम का विभाजन ठीक से करें। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने इस दौरान जन सुनवाई करते हुए गांव मोरथल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक सप्ताह में करने के निर्देश तारानगर एसडीएम को प्रदान किए। भरतिया अस्पताल में कचरे का ढेर होने की शिकायत पर उन्होंने नगर परिषद आयुक्त, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल तथा अस्पताल अधीक्षक को कचरे के त्वरित निस्तारण के लिए कहा। मेहरासर चाचेरा ग्राम पंचायत के अड़मालसर गांव में जेजेएम की लाइन डल जाने के बावजूद पानी नहीं आने तथा बिजली लाइन में बार-बार ट्रिपिंग आने की समस्या पर उन्होंने संबंधित अधीक्षण अभियंताओं को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप पूनिया ने खेजड़ी वृक्ष काटे जाने की ओर ध्यान आकर्षित किया। जिस पर जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि वे अपनी निगरानी बढाएं और राज्य वृक्ष खेजड़ी काटे जाने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर करवाएं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

EL/TRD/EIG/2x25KV/OHE/RTGH-CUR दिनांक : 21.11.24

"सार्वजनिक सूचना"

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्त्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि बीकानेर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 2200 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निविर्दिष्ट तारीख **24.11.2024** को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नही जाएगा।

खण्ड : बीकानेर मंडल के रतनगढ़ (शामिल)– चूरू (शामिल) खंड में ओएचई अप लाइन सेक्शन के मास्ट नं. 326/03 (किमी 326/69.50) से 280/12 (किमी 280/311.50) तक

"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि बीकानेर मण्डल उत्तर पश्चिम रेलवे के **रतनगढ़ (शामिल)– चूरू (शामिल) खण्ड में मास्ट नं. 326/03 (किमी 326/69.50) से 280/12 (किमी 280/311.50)** तक दिनांक **24.11.2024** या उसके बाद 2200 वोल्ट पर उर्जित होने के कारण सभी समपारो पर सडक सतह से 4.78 मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेज लगाई गई और अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से बचाने के लिए कॉन्टैक्ट वायर रेल स्तर से कम से कम 5.50 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षणतार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके ।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालने करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोये जा रहे लोड से किसी भी स्थित में ऊंचाई गेजों का उल्लघन न करें।

1. अत्यधिक गेज के लिए खतरा ओर उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रीयों या उपस्कर को खतरा।
3. चालको की खतरनाक सामीप्यात या सम्पर्क के कारण आग का खतरा ओर जीवन की हानि का खतरा।

1351-DR/24

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

स्वास्थ्य के कई मानकों में राजस्थान देश में बेहतर

सीकर, (निसं)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हम अन्तिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आमजन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी राज्य सरकार की सभी बजटीय घोषणाओं को प्रभावी कार्ययोजना के साथ त्वरित गति से पूरा किया जाए, जिससे 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना साकार हो।श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 48 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मिशन मोड़ पर चल रही है तथा अब तक लगभग 8 हजार पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में खाली

■ स्वास्थ्य विभाग में 48 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन

पड़े पदों पर आवश्यकतानुसार चरणबद्ध रूप से भर्ती की जाए तथा न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करवाकर नियुक्तियां दी जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे शहरों और कस्बों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेशभर में आयुष्मान मॉडल सीएचसी बनाने का निर्णय लिया है। इससे न केवल निचले स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि बड़े अस्पतालों पर भार भी कम होगा। उन्होंने अधिकारियों को इन मॉडल सीएचसी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का करें व्यापक प्रचार-प्रसार- मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आमजन को निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। हमने इस योजना के तहत पीडियाट्रिक पैकिज शामिल करने, कुछ पैकेज की दरों को तर्कसंगत बनाने तथा पोर्टिबिलिटी सुविधाओं को शामिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना में जो नए प्रावधान जोड़े गए हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में प्रमुख 12 सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाए। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजीटल हैल्थ मिशन के तहत प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य रेकार्ड डिजिटल रूप से संधारित करने के लिए अभियान चलाकर प्रदेश के हर व्यक्ति की आभा आई डी बनाई जाए।

मिलावटखोरों पर हो सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि मिलावटखोरों द्वारा राज्य की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से अभियान में तेजी लाते हुए मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि चिकित्सा विभाग के अधीन संचालित राजस्थान मेडिकल कॉन्सिल, पैरा मैडिकल कॉन्सिल सहित अन्य सभी संस्थाओं के कामकाज की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाने पर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए तकनीकी नवाचार अपनाने पर भी जोर दिया।

स्वास्थ्य के कई मानकों में राजस्थान देश में बेहतर- बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री ए. राठौड़ ने चिकित्सा विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नवाचारों की प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के कई मानकों में राजस्थान राष्ट्रीय औसत एवं कई बड़े राज्यों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। राज्य में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में विभाग के प्रयासों से उल्लेखनीय गिरावट आई है। संस्थागत प्रसव के मामले में राजस्थान देश में अग्रणी है। राष्ट्रीय सिकल सैल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत स्क्रीनिंग में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, अस्पतालों की नियमित मॉनिटरिंग, मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित कई विषयों पर चर्चा की गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे **ई-ऑक्शन सूचना**

सं. 86ऐसी/पार्किंग & पे एण्ड यूज शौचालय/ई-नीलामी/2022 दिनांक : 20.11.24

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर लीजिंग, पार्किंग, Advertisement - out of Home, Advertisement on station premise Non - Digital, Advertisement -Train Exterior (Below window) ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

केटलॉग संख्या	कार्य का नाम व स्थान	ई ऑक्शन की दिनांक व समय
EA Lease 21 24	12440-SLR-F1-SGNR-NED 24-1 (Parcel - SLR) 22724-SLR-F1- SGNR -NED 24-1 (Parcel - SLR) 22916-SLR-F1-HSR- BDTS-23-1 (Parcel - SLR) 12489-SLR -F1- BKN- DDR-24-1 (Parcel - SLR)	दिनांक 25.11.2024 समय 11:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA Parking 19	सिरसा प्रथम प्रवेश द्वार, हांसी, संगरिया, भिव